# पूर्व पीएम शेख हसीना को मौत की सजा

## बंगलादेश में हत्या के लिए उकसाना, विरोध दबाने के लिए हथियारों, ड्रोन, हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल का आरोप

**ढाका 17 नवंबर. बंगलादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सोमवार को गत वर्ष देश में हुए विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ घातक कार्रवाई करने के आधार पर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना मौत की सजा सुनाई.**

न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के अलावा पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी मौत की सजा सुनायी, जबकि पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पांच साल की कैद की सजा सुनायी है. न्यायाधिकरण ने इन दोनों को मानवता के विरुद्ध विभिन्न



अपराधों के लिए दोषी ठहराया था. गौरतलब है कि हसीना इस समय भारत में निर्वासन में रह रही हैं. विरोध प्रदर्शनों के दौरान घातक कार्रवाई को लेकर हसीना, कमाल और श्री अल-मामून के खिलाफ मुकदमा चलाया गया था. न्यायाधिकरण की ओर आज फैसला सुनाये जाने के दौरान अल-मामून उपस्थित रहे.

### मारे गए थे 1,400 प्रदर्शनकारी

श्री अल-मामून ने जुलाई में अपना दोष स्वीकार किया था और सरकारी गवाह बन गए थे. न्यायाधिकरण के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हसीना ने 2024 में बंगलादेश में कई हफ्तों की अशांति के दौरान कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सैकड़ों हत्याओं के लिए उकसाया. इस दौरान लगभग 1,400 प्रदर्शनकारी मारे गए और 25,000 तक घायल हुए. हसीना पर पांच आरोप लगाये गये थे, जिनमें हत्या के लिए उकसाना, फाँसी का आदेश देना और विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए घातक हथियारों, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल को अधिकृत करना शामिल है. हसीना ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया को दिये कई साक्षात्कारों में खुद पर लगे इन सभी आरोपों का खंडन किया और कहा था कि प्रदर्शनकारियों को मारने के लिए इस्तेमाल की गई गोलियां बंगलादेश पुलिस द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली गोलियों से अलग थीं. कई विश्लेषकों ने संकेत दिया है कि ये गोलियाँ असमाजिक तत्वों द्वारा चलाई गयी थीं. हसीना की कानूनी टीम ने निष्पक्ष सुनवाई के अधिकारों और उचित प्रक्रिया के अभाव का हवाला देते हुए, न्यायेतर, संक्षिप्त या मनमाने ढंग से की गयी सुनवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि से अपील की है.

### भारत ने कहा - शांति लोकतंत्र बनाए रखें

भारत ने कहा शेख हसीना के बारे में वहां के एक न्यायाधिकरण के फैसले की जानकारी है और बंगलादेश के लोगों के हितों को लेकर प्रतिबद्ध है. हसीना को न्यायाधिकरण द्वारा सजा सुनाने पर प्रतिक्रिया करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा देश में शांति, लोकतंत्र, समावेशिता और स्थिरता शामिल है. हम इस दिशा में सभी हितधारकों के साथ हमेशा रचनात्मक रूप से जुड़े रहेंगे.

# बंदरगाह पर 5 करोड़ के पटाखे जब्त

**नई दिल्ली, 17 नवंबर. वित्त मंत्रालय के राजस्व खुफिया निदेशालय ने चीन से तस्करी के जरिये भारत लाए जा रहे 30 हजार पटाखों के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है.**

निदेशालय ने पटाखों का अवैध आयात रोकने के लिए फायर ट्रेल ऑपरेशन चलाया हुआ है. इसके साथ ही निदेशालय ने इस तरह के माल की तस्करी पर नजर रखने के लिए ऑपरेशन चलाया हुआ है जिसके तहत चीनी पटाखों की तस्करी के एक और गंभीर प्रयास का भंडाफोड़ किया है. आधिकारिक सूचना के अनुसार ऑपरेशन के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों ने मुंद्रा बंदरगाह पर चीन से आ रहा एक 40 फीट लंबा कंटेनर पकड़ा है जिसके बारे में बताया गया है कि उसमें गिलास सेट और फूलदान रखे थे लेकिन जांच पड़ताल के दौरान गिलास के ऊपरी हिस्से के पीछे 30,000 पटाखे छिपा कर रखे गये थे. प्राधिकरण ने पिछले महीने भी मुंबई और तूतीकोरिन में चीनी पटाखों के अवैध आयात के प्रयासों को विफल कर दिया था. जब्त किये गये कार्गो कवर/पटाखों की कीमत पांच करोड़ रुपये आंकी गयी है.



विदेश व्यापार नीति के आईटीसी (एचएस) वर्गीकरण के अंतर्गत पटाखों का आयात प्रतिबंधित है और इसके लिए विस्फोटक नियम, 2008 के अंतर्गत विदेश व्यापार महानिदेशालय और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन दोनों से वैध लाइसेंस की जरूरत होती है. आयातक के पास इस तरह के पटाखों के आयात के कोई वैध दस्तावेज़ नहीं थे और पकड़े जाने के बाद उसने स्वीकार भी किया है कि यह तस्करी का माल था. तस्करी के इन चीनी पटाखों को उनके कवर कार्गो माल सहित शनिवार को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के अंतर्गत जब्त कर लिया गया है. इस लेन-देन के साजिशकर्ता-सह-वित्तपोषक को गिरफ्तार कर लिया गया है.

# जारी रहेगी भारत की विकास यात्रा : योगी

**लखनऊ, 17 नवंबर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा सरकार लकीर की फकीर नहीं बन सकती. पिछले 11 वर्षों में देश के चहुंमुखी विकास को दुनिया ने देखा है और यह विकास यात्रा आगे भी जारी रहेगी.**

बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडी) के दीक्षांत समारोह में छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उन्होने कहा हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते हैं. आपने भारत की विकास यात्रा को 11 वर्ष में देखा है और यह आगे भी जारी रहेगा. योगी ने कहा कि, आज आप देखते होंगे कि स्पोर्ट्स लोगो के दिनचर्या का हिस्सा बनता जा रहा है, अखिलेश दास जी यूनियन कैबिनेट में जब थे, उस समय मुझे भी सांसद के रूप में देश की संसद में रहने का अवसर प्राप्त हुआ था. उन्होने कहा, हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते है, आपने भारत की विकास यात्रा को 11 वर्षों में देखा है, मोदी जी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया. योगी ने कहा कि अपने उन विभूतियों के प्रति जिनके नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित है उनके प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव हो. भारत की प्राचीन परपंरा में जब कोई स्नातक गुरुकुल से अपनी शिक्षा पूरी करके निकलता था तो शिक्षक द्वारा सन्देश दिया जाता था कि जीवन में सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना.

सोमवार की सुबह एक मां के जीवन में उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं. उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए सात माह के मासूम की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का आग्रह किया. मुख्यमंत्री ने महिला की बात सुनी और तत्काल उन्हें एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया. योगी के निर्देश पर हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे बच्चे का इलाज शुरू हो गया. वहीं 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी के पास पहुंचकर उनकी शिकायतें सुनीं.



## केरल में एसआईआर पर रोक की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली 17 नवंबर.** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयू) ने केरल में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है. याचिका में तर्क दिया गया है कि यह प्रक्रिया राज्य में चल रही स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती. याचिका में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा 27 अक्टूबर को जारी की गई अधिसूचना को चुनौती दी गई है जिसने एसआईआर प्रक्रिया शुरू की थी. याचिका में तर्क दिया गया है कि यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है.

# वेकोलि की सभी खदानों का किया जाएगा निरीक्षण

### वेस्टर्न कोलफील्ड्स में वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा

**नागपुर, 17 नवबंर. वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में 'वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा 2025' का उद्घाटन वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन/परियोजना एवं योजना) आनंदजी प्रसाद द्वारा किया गया.**

इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड सदस्य सी. जे. जोसफ, संचालन समिति के सदस्य एस. आर. गबाले, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) दिनेश बिसेन तथा वेकोलि मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों की विशेष



उपस्थिति रही. यह पखवाड़ा, खान सुरक्षा महा निदेशालय के तत्वावधन में, वेकोलि के सभी 47 खदानों (30 ओपनकास्ट और 17 अंडरग्राउंड) में 17.11.2025 से तक मनाया जाएगा.

इस पखवाड़े के दौरान वेकोलि की सभी खदानों का निरीक्षण, अन्य क्षेत्रीय खदानों से आने वाली बहु विषयक टीमों द्वारा किया जाएगा. यह क्रॉस-फंक्शनल दृष्टिकोण, वस्तु निष्ठता, ज्ञान साझा करने और सुरक्षा मानकों में उत्कृष्टता की एकीकृत प्रेरणा सुनिश्चित करेगा. इस पखवाड़े का उद्देश्य खनन कार्यों में सुरक्षा, सतर्कता और सतत सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देना है. 'वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा 2025' के लिए बेंच और डंप स्लोप स्थिरता तथा खानों में विस्फोटकों का सुरक्षित भंडारण, परिवहन और उपयोग प्रमुख कार्यों के तौर पर चुने गए हैं.

## प्रधानमंत्री मोदी कल कोयंबटूर में सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन



**चेन्नई, 17 नवंबर.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे. इसका उद्देश्य सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, सुरक्षित खाद्य उत्पादन सुनिश्चित करना तथा किसानों की आजीविका में सुधार लाना है. इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन का विषय है भविष्य के लिए खेती, परंपरा में निहित है.

# बाल ठाकरे की निर्भीक आवाज ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी

### अरविंद केजरीवाल ने बाला साहेब को दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, 17 नवंबर. केजरीवाल ने ठाकरे को दी श्रद्धांजलि, दृढ़ नेतृत्व का स्मरणम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिवसेना संस्थापक आदरणीय बाला साहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर एक्स पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी.**

उन्होंने कहा कि ठाकरे की निर्भीक आवाज और निर्णायक नेतृत्व ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी. बाला साहेब ठाकरे भारतीय राजनीति के उन दुर्लभ



नेताओं में गिने जाते हैं, जिनकी शैली, व्यक्तित्व और नेतृत्व का असर आज भी राजनीतिक और सामाजिक विमर्श में दिखाई देता है. अरविंद केजरीवाल ने उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि ठाकरे केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व ही नहीं थे, बल्कि एक ऐसी प्रेरक शक्ति थे, जिन्होंने जनता के मुद्दों को मुखरता से उठाने की परंपरा कायम की.

### आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1727 | महाराजा जय सिंह द्वितीय ने जयपुर शहर की स्थापना की। बंगाल के विद्यासागर चक्रवर्ती शहर के वास्तुकार थे। |
| 1738 | फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच शांति समझौता |
| 1772 | पेशवा माधव राव प्रथम का निधन और उनके स्थान पर उनके छोटे भाई नारायण राव ने गद्दी संभाली। |
| 1910 | क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत का जन्म हुआ था। |
| 1918 | उत्तरपूर्वी यूरोपीय देश लातविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की। |

# खराब बीजों के अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई : शिवराज



**मुंबई, 17 नवंबर. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां सोमवार को देश में खराब बीजों के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी.**

श्री चौहान ने सरकारी अधिकारियों और निजी क्षेत्रों के हितधारकों से खराब बीजों पर अंकुश लगाने का भी आह्वान किया. श्री चौहान ने मुंबई में एशियाई बीज कांग्रेस 2025 के उद्घाटन के अवसर पर एशियाई बीज कांग्रेस 2025 का लोगो भी जारी किया. गौरतलब है कि इस वर्ष सम्मेलन का विषय गुणवत्तापूर्ण बीजों द्वारा समृद्धि के बीज बोना है.






# दलों में परिवारवाद हावी, एनडीए से 29 प्रत्याशी जीते

**पटना, 17 नवंबर. बहार विधानसभा चुनाव में इस बार सभी प्रमुख राजनीतिक दलों में परिवारवाद स्पष्ट रूप से हावी रहा है.**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के भीतर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल यूनाइटेड (जदयू), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) चारों दलों में बड़ी संख्या में ऐसे उम्मीदवार मैदान में उतरे, जिनका सीधा संबंध किसी न किसी राजनीतिक परिवार से था. इनमें से 29 उम्मीदवार चुनाव जीतने में भी सफल रहे. भाजपा ने इस चुनाव में 101 उम्मीदवार उतारे, जिनमें से 89 सीटों पर पार्टी ने विजय हासिल की. इन विजेताओं में 11



नेता राजनीतिक परिवारों से आते हैं. इनमें शुमार प्रमुख नामों में सम्राट चौधरी, नीतीश मिश्रा, श्रेयसी सिंह, नितिन नवीन, संजीव चौरसिया, सुजीत कुमार, रमा निषाद, केदार नाथ सिंह, विशाल प्रशांत, राकेश रंजन और त्रिविक्रम नारायण सिंह. इन सभी नेताओं के परिवार पहले से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं.

### महागठबंधन की महिला उम्मीवारों के बीच हुआ मुकाबला



चुनाव में सात सीटों पर राजग और महागठबंधन की महिला उम्मीदवारों के बीच मुकाबला देखने को मिला, जिसमें से छह सीटों पर राजग और एक सीट पर महागठबंधन की महिला उम्मीदवारों ने जीत का परचम लहराया. बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर हुये चुनाव में कई सीटों पर देश-दुनिया ,मीडिया और आम जनता की नजरें टिकी हुयी थी. वहीं इन 243 सीटों में से सात सीटों परिहार,प्राणपुर, कोढ़ा (सुरक्षित),वारसिलीगंज, गोविंदपुर, इमामगंज और बारचट्टी सीटों पर राजग और महागठबंधन की महिला उम्मीदवरों के आमने-सामने चुनावी समर में उतर जाने से आम जनता की निगाहें इन सीटों के परिणाम पर लगी रही.

### जदयू के 11 प्रत्याशी परिवारवाद के प्रभाव से जीते

जदयू ने भी 101 प्रत्याशी उतारे थे, जिनमें से 85 को जीत मिली. पार्टी के 11 उम्मीदवार ऐसे हैं जिनकी जीत ने परिवारवाद के प्रभाव को फिर उजागर किया है. इनमें ऋतुराज कुमार, चेतन आनंद, कोमल सिंह, शालिनी मिश्रा, मंजीत कुमार सिंह, रंधीर कुमार सिंह, महेश्वर हजारी, शुभेंदु मुकेश, विभा देवी, मनोरमा देवी और अनंत सिंह के नाम शामिल हैं.

**बदलता मौसम** | कई राज्यों में शीतलहर, दिल्ली में सोमवार का न्यूनतम तापमान 8 .7 डिग्री

# तीन साल में नवंबर माह सबसे ठंडा गुजर रहा

**नई दिल्ली, 17 नवंबर. उत्तर भारत में ठंड ने इस बार नया रिकॉर्ड बना दिया है. दिल्ली में सोमवार की सुबह न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले तीन साल में नवंबर का सबसे ठंडा दिन है.**

आईएमडी ने चेतावनी दी है कि 20 और 21 नवंबर को कई राज्यों में शीतलहर के हालात बन सकते हैं. पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश के बाद मैदानी इलाकों में ठिठुरन और बढ़ सकती है. उत्तर भारत में ठंड का असर बढ़ता जा रहा है. नवम्बर के दूसरे पखवारे में ही लोग ठण्ड



के इस मिजाज रूबरू हो गए है. दिल्ली से लेकर पूर्वोत्तर तक ठण्ड ने लोगों को परेशान करना शरू कर दिया है. दिल्ली में सोमवार की सुबह न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछले तीन साल में नवंबर का सबसे ठंडा दिन माना गया है. इससे पहले नवंबर में सबसे कम तापमान 29 नवंबर 2022 को 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था.

आईएमडी के अनुसार, 2023 और 2024 में नवंबर का न्यूनतम तापमान क्रमश: 9.2 और 9.5 डिग्री सेल्सियस रहा. उत्तर प्रदेश के मध्यवर्ती भागों में 17 नवंबर तक आंशिक शीतलहर की स्थिति बरकरार रह सकती है. वहीं सोमवार से हवाओं की दिशा परिवर्तन के साथ तापमान में गिरावट कम होगी.